हरिभूमि
हिसार-हांसी भूमि
रोहतक, शनिवार 10 अक्टूबर 2026

12 ट्रांसपोर्ट वर्कर्स ने भारी-भरकम जुर्मानों के खिलाफ दी...



12 रॉयल स्कूल में हिंदी भाषण प्रतियोगिता में टैगोर सदन...



खबर संक्षेप

कटला रामलीला का शुभारंभ आज से



हिसार। ऐतिहासिक व प्रसिद्ध कटला रामलीला की सभी तैयारियां पूरी कर ली गई हैं। पुराना गवर्नमेंट कॉलेज मैदान में भव्य मंच सज्जा की गई है और दर्शकों के बैठने की भी समुचित व्यवस्था की गई है। श्री रामलीला कमेटी कटला के प्रधान विनोद गुप्ता ने बताया कि 10 अक्टूबर को विधि-विधान से रामलीला का शुभारंभ होगा। इस अवसर पर पूर्व कैबिनेट मंत्री डॉ. कमल गुप्ता मुख्यातिथि होंगे। चिकित्सक डॉ. अजय गुप्ता व समाजसेवी डॉ. पुनीत मैनी बतौर अति विशिष्ट अतिथि मौजूद रहेंगे। इनके साथ ही काफी संख्या में गणमान्य लोग उपस्थित रहेंगे। विनोद गुप्ता ने बताया कि 10 अक्टूबर को नारद मोह व पृथ्वी के सबसे पहले मानव का प्रसंग रहेगा।

मोक्ष वृद्ध व महिला आश्रम का लोकार्पण कल 11 बजे

हिसार। मोक्ष वृद्धाश्रम की श्रृंखला को आगे बढ़ाते हुए चौधरीवास में आचार्य श्री विद्या समय शरणम मोक्ष वृद्ध व महिला आश्रम की स्थापना की गई है। इसके भवन का लोकार्पण समारोह व सुंदरकांड पाठ 11 अक्टूबर को होगा। इस समारोह के लिए नए भवन का परिसर सज गया है और इसमें सैकड़ों लोग हिस्सा लेंगे। मोक्ष वृद्धाश्रम की संरक्षक मां पंकज संधीर व प्रधान विजय भृगु ने बताया 11 अक्टूबर को प्रातः 11 बजे श्री बांके बिहारी सुंदरकांड चैरिटेबल ट्रस्ट के तत्वावधान में सुंदरकांड का पाठ होगा। अरविंद गुप्ता सभी श्रद्धालुओं को भगवान की महिमा से साक्षात्कार करवाएंगे।

सड़क, पार्क व ग्रीन बेल्ट के कार्यों का निगमायुक्त सी. जयाश्रद्धा ने किया निरीक्षण

शहर में ग्रीन बेल्ट और सौंदर्यीकरण पर खर्च किए जाएंगे 1.5 करोड़ रुपये

हरिभूमि न्यूज ▶▶| हिसार

शहर में चल रहे विकास कार्यों की प्रगति और निर्माण की गुणवत्ता सुनिश्चित करने के उद्देश्य से नगर निगमायुक्त सी. जयाश्रद्धा ने शुक्रवार को विभिन्न क्षेत्रों का औचक दौरा कर निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने सड़क, पार्क और ग्रीन बेल्ट में चल रहे विकास कार्यों की धरातलीय स्थिति जांची और मौके पर मौजूद अधिकारियों से प्रगति की जानकारी लेकर आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। निगमायुक्त ने निरीक्षण की शुरुआत जगजीवन नगर से श्मशान घाट रोड तक बनी नई सड़क से की। लगभग 24 लाख रुपये की लागत से बनी इस सीमेंट कंक्रीट (सीसी) सड़क के निर्माण कार्य की उन्होंने गहनता से जांच की।

तय सीमा व गुणवत्ता से समझौता न करने की चेतावनी



उन्होंने जगजीवन नगर स्थित पार्क में करवाए गए सौंदर्यीकरण कार्यों का जायजा लिया। पार्क में नागरिकों की सुविधा के लिए ओपन जिम, बच्चों के लिए मल्टी-प्ले गार्डन, हट की मरम्मत और धौलपुर पत्थर लगाने का काम किया गया है। इसके पश्चात निगमायुक्त ने सेक्टर 21पी मेला ग्राउंड के दोनों तरफ चल रहे ग्रीन बेल्ट के कार्यों का निरीक्षण किया। मिलगेट से एयरपोर्ट रोड और मिलगेट रोड के साथ-साथ चल रहे इस प्रोजेक्ट में ग्रिल, गेट, चारदीवारी के निर्माण के साथ-साथ धौलपुर पत्थर और ग्रीन बेल्ट के किनारे आईपीबी ब्लॉक बिछाने का कार्य जारी है। इस पूरे प्रोजेक्ट पर करीब डेढ़ करोड़ रुपये खर्च किए जा रहे हैं। निरीक्षण के अंत में निगमायुक्त सी. जयाश्रद्धा ने उपस्थित अधिकारियों को निर्देश देते हुए कहा कि सभी विकास कार्य निर्धारित समय सीमा के भीतर हर हाल में पूरे किए जाएं। निर्माण सामग्री में तय मानकों और गुणवत्ता का विशेष ध्यान रखा जाए। संबंधित अधिकारी नियमित रूप से मौके पर जाकर कार्यों की निगरानी करते रहें ताकि काम में कोई लापरवाही न हो। निरीक्षण के दौरान एक्सईएन अमित कौशिक, एमई कर्मपाल सिंह सिंधू, जेई विकास पूनियां, जेई सुमित नुनाच और गार्डन सुपरवाइजर नरेंद्र श्योराण मुख्य रूप से उपस्थित रहे।

गांव गंगवा में 142.05 लाख रुपये की लागत से 10.06 मीटर चौड़ी फिरनी का होगा पुनर्निर्माण



हिसार। ग्रामीण क्षेत्रों में सड़क बुनियादी ढांचे को मजबूत करने और ग्रामीणों को सुगम आवागमन की बेहतर सुविधा उपलब्ध करवाने के उद्देश्य से राज्य सरकार लगातार विकास कार्यों को गति दे रही है। इसी कड़ी में हिसार जिले के गांव गंगवा निवासियों को जल्द ही एक बड़ी सौगात मिलने जा रही है। पुराना एनएच-65 से गंगवा आर्य नगर सड़क मार्ग की फिरनी के पुनर्निर्माण एवं चौड़ीकरण के लिए 142.05 लाख रुपये का बजट तैयार किया गया है। वर्तमान में गांव गंगवा की फिरनी सड़क की चौड़ाई लगभग 5.50 मीटर है, जिसे लगभग दोगुना बढ़ाकर 10.06 मीटर करने का प्रस्ताव स्वीकृत किया गया है। इस सड़क के चौड़ीकरण और सुदृढ़ीकरण से न केवल गांव गंगवा बल्कि आसपास के क्षेत्र के लोगों के लिए भी यातायात अधिक सुरक्षित और सुगम हो जाएगा। कैबिनेट मंत्री रणबीर गंगवा ने बताया कि ग्राम पंचायत गंगवा की ओर से इस फिरनी सड़क के पुनर्निर्माण और चौड़ीकरण के लिए एक मांग प्रस्ताव भेजा गया था। पंचायत के आग्रह को गंभीरता से लेते हुए संबंधित विभाग के अधिकारियों को त्वरित कार्रवाई के निर्देश दिए गए, जिसके बाद अधिकारियों द्वारा मौके की जांच कर 142.05 लाख रुपये का अनुमानित बजट तैयार किया गया है। इस परियोजना के लिए हरियाणा इंजीनियरिंग वर्क्स पोर्टल के माध्यम से प्रशासनिक स्वीकृति प्राप्त करने की प्रक्रिया तेजी से चल रही है। विकास कार्यों में पारदर्शिता और मजबूती पर जोर देते हुए कैबिनेट मंत्री ने स्पष्ट किया कि फिरनी सड़क के निर्माण एवं चौड़ीकरण के दौरान निर्माण सामग्री की गुणवत्ता और निर्धारित तकनीकी मानकों का विशेष ध्यान रखा जाएगा।

वेतन नहीं मिलने पर ट्रांसपोर्टर से तंग ट्राला चालक ने दी जान

आर्य नगर में पंखे पर फंदे से लटका मिला कृष्ण का शव

हरिभूमि न्यूज ▶▶| हिसार



आर्य नगर में 38 वर्षीय ट्राला चालक कृष्ण ने ट्रांसपोर्टर से परेशान होकर आत्महत्या कर ली। मृतक के भाई नरेश ने आरोप लगाया कि कृष्ण को पिछले 8-10 महीने से वेतन नहीं दिया जा रहा था। बकाया वेतन मांगने पर उसे नौकरी से निकालने की बात कही गई, जिससे वह मानसिक रूप से परेशान था। पुलिस ने परिजनों की शिकायत पर ट्रांसपोर्टर नितिन मित्तल उर्फ सीटू के खिलाफ मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। शुक्रवार को नागरिक अस्पताल में पोस्टमार्टम के बाद शव परिजनों को सौंप दिया गया। कृष्ण अपने पीछे पत्नी और पांच साल की बेटी छोड़ गया है।

मृतक के भाई नरेश ने बताया कि कृष्ण लंबे समय से नितिन मित्तल के पास ट्राला चालक के रूप में काम कर रहा था। आरोप है कि पिछले करीब आठ-दस महीने से वेतन नहीं मिलने के कारण वह आर्थिक तंगी से जूझ रहा था। घटना से पहले भी कृष्ण ने अपने बकाया वेतन को लेकर ट्रांसपोर्टर से बातचीत की थी। नरेश के अनुसार, इस दौरान ट्रांसपोर्टर ने उसे नौकरी से निकालने की बात कही। इससे कृष्ण और अधिक परेशान रहने लगा था। परिजनों के अनुसार, घटना के समय घर पर कोई मौजूद नहीं था। बाद में जब कृष्ण का भाई घर पहुंचा तो उसने कृष्ण को कमरे में पंखे से लटका हुआ देखा। उसने तुरंत डायल 112 पर सूचना दी। इसके बाद कृष्ण को नागरिक अस्पताल ले जाया गया, जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया।

सूचना मिलने पर पुलिस ने मौके पर पहुंचकर आवश्यक कार्रवाई की और शव को पोस्टमार्टम के लिए अस्पताल में रखवाया। मामले के जांच अधिकारी राजकुमार ने बताया कि परिजनों ने ट्रांसपोर्टर पर कृष्ण को परेशान करने के आरोप लगाए हैं। शिकायत के आधार पर आरोपी के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया गया है। मृतक के पास से कोई सुसाइड नोट नहीं मिला है। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

हेरोइन सप्लाई करने के मामले में आरोपी दबोचा

हिसार। हेरोइन चिट्टा तस्करी के मामले में पुरानी सब्जी मंडी चौकी पुलिस ने सप्लायर के आरोप में संत नगर निवासी भूपेन्द्र को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने यह कार्रवाई पूर्व में पकड़े गए आरोपी से पूछताछ के दौरान मिली जानकारी के आधार पर की है। पुलिस के अनुसार, 23 जुलाई को एंटी नारकोटिक सेल की टीम ने डोगराान मोहल्ला से सैनियान मोहल्ला निवासी साहिल को गिरफ्तार किया था। उसके कब्जे से 8 ग्राम 500 मिलीग्राम हेरोइन (चिट्टा), वारदात में प्रयुक्त मोटरसाइकिल और दो हजार रुपये की ड्रग मनी बरामद हुई थी। गिरफ्तारी के बाद आरोपी को जेल भेज दिया गया था। पूछताछ में साहिल ने बताया था कि वह उक्त हेरोइन संत नगर निवासी भूपेन्द्र से खरीदकर लाया था। इसके बाद पुरानी सब्जी मंडी चौकी पुलिस ने भूपेन्द्र को गिरफ्तार कर लिया।

5.41 ग्राम हेरोइन समेत तस्कर काबू

हिसार। बिना नंबर प्लेट की मोटरसाइकिल पर हेरोइन बेचने आए एक युवक को हरियाणा स्टेट नारकोटिक्स कंट्रोल ब्यूरो की टीम ने गिरफ्तार किया है। आरोपी की पहचान सैनियान मोहल्ला स्थित दिल्ली वाली गली निवासी संयम के रूप में हुई है।

पुलिस ने उसके कब्जे से 5.41 ग्राम हेरोइन बरामद की है। आरोपी गुरु जम्भेश्वर मार्केट में श्री दुर्गा मंदिर के सामने मोटरसाइकिल लेकर खड़ा था। पुलिस टीम को देखकर उसने भागने का प्रयास किया, लेकिन कर्मचारियों ने उसे मोटरसाइकिल सहित काबू कर लिया। यूनिट इंचार्ज एसआई सत्यपाल सिंह के अनुसार, नशा विरोधी गश्त के दौरान मुखबिर से सूचना मिली थी कि संयम गुरु जम्भेश्वर मार्केट में दुर्गा मंदिर के पास हेरोइन बेचने आया है।

सूचना के आधार पर टीम ने तुरंत मौके पर पहुंचकर कार्रवाई की। वहां एक युवक बिना नंबर प्लेट की मोटरसाइकिल के साथ खड़ा मिला। पुलिस की गाड़ी देखते ही वह मोटरसाइकिल से उतरकर भागने लगा, लेकिन पुलिस कर्मचारियों ने उसे पकड़ लिया। तलाशी लेने पर उसकी पैंट की जेब से सफेद पॉलीथीन में 5.41 ग्राम हेरोइन बरामद हुई। पुलिस ने बिना नंबर प्लेट की मोटरसाइकिल को भी जब्त कर लिया है।

घर से आभूषण चुराने के मामले में नाबालिग धरा

नारनौंद। सीआईए टीम ने घर में चोरी के मामले में कार्रवाई करते हुए एक नाबालिग लड़के को पकड़ा है। उसकी निशानदेही पर चोरी किए गए लाखों की कीमत के सोने-चांदी के आभूषण बरामद किए गए हैं। मुख्य सिपाही कुलदीप कुमार ने बताया कि नारनौंद निवासी सुनील कुमार ने घर से 6 अक्टूबर को ताला तोड़कर सोने-चांदी के आभूषण व सात हजार रुपये की चोरी करने की शिकायत दर्ज करवाई थी। शिकायत के आधार पर थाना मामला दर्ज कर जांच शुरू की गई और एक नाबालिग लड़के को पकड़ा।

मॉडल टाउन में वृद्धा की मौत मामले में पुलिस को पोस्टमार्टम रिपोर्ट का इंतजार

हिसार। शहर के मॉडल टाउन स्थित मकान नंबर 100 में 75 वर्षीय संतोष गिरधर की मौत के मामले में पुलिस को पोस्टमार्टम रिपोर्ट का इंतजार है। रिपोर्ट आने के बाद ही मौत के कारणों का पता चल सकेगा। फिलहाल यह स्पष्ट नहीं हो पाया है कि वृद्धा की हत्या की गई या उनकी मौत किसी अन्य कारण से हुई। पुलिस मामले से जुड़े सभी पहलुओं की जांच कर रही है। गौरतलब है कि गुरुवार सुबह मॉडल टाउन स्थित मकान में वृद्धा का शव मंदिर के सामने फर्श पर पड़ा मिला था। फर्श पर खून बिखरा हुआ था और शव का अधिकांश हिस्सा काला पड़ा हुआ था। कमरे में अलमारी खुली मिली थी, जबकि एक सूटकेस भी नीचे पड़ा हुआ था। इन परिस्थितियों के चलते मामले को संदिग्ध माना जा रहा है।



हिसार। म्हारी माटी एग्रो टूरिज्म का दृश्य।

म्हारी माटी एग्रो टूरिज्म में दिखेगी हरियाणवी संस्कृति, शुभारंभ कल

हिसार। हरियाणवी मिट्टी की महक, संस्कृति व अपनेपन का सामंजस्य हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय में स्थापित म्हारी माटी एग्रो टूरिज्म में 11 अक्टूबर से देखने को मिलेगा। यहां पर हरियाणा के गांवों का अनुभव लिया जा सकेगा और चौपाल व लोक संस्कृति की झलक भी मिलेगी। इसके साथ ही बैलगाड़ी की सवारी, पारंपरिक खेल, हस्तशिल्प, कला और विरासत से भी साक्षात्कार होगा। बच्चों के लिए विभिन्न प्रकार के खेल व झूलों की व्यवस्था भी रहेगी। इतना ही नहीं यहां आने वाले लोगों को देसी खानपान का आनंद उठाने का मौका भी मिलेगा।

म्हारी माटी एग्रो टूरिज्म के संचालक लक्ष्य गोयल व अनिल गोयल ने बताया कि प्रथम नवरात्रे के शुभ अवसर पर 11 अक्टूबर को प्रातः 10.15 बजे सुंदरकांड पाठ का आयोजन किया जाएगा और प्रातः 11.30 बजे आरती के साथ ही प्रसाद का वितरण किया जाएगा। उन्होंने बताया कि इसके साथ ही म्हारी माटी एग्रो टूरिज्म सभी दर्शकों के लिए खुल जाएगा। उन्होंने बताया कि कई एकड़ में फैले म्हारी माटी एग्रो टूरिज्म में पानी खींचते रहट का दृश्य अभिभूत कर देगा। इसके साथ ही रथ पर विराजमान श्रीकृष्ण व अर्जुन का विशाल प्रतिरूप अनायास ही आकर्षित करता है।

शहर में अतिक्रमण पर चलेगा पीला पंजा, क्षेत्र के हिसाब से जिम्मेदारी तय

■ संयुक्त आयुक्त ने एचएसवीपी व नगर निगम के साथ बनाया एक्शन प्लान



हिसार। शहर को अतिक्रमण मुक्त बनाने और सड़कों पर ट्रैफिक व्यवस्था को सुगम करने के लिए नगर निगम और एचएसवीपी ने संयुक्त रूप से मोर्चा संभाल लिया है। शुक्रवार को नगर निगम के मुख्य सभागार में संयुक्त आयुक्त कुलभूषण बंसल की अध्यक्षता में एक बैठक आयोजित की गई, जिसमें शहर के प्रमुख संवेदनशील और व्यस्त इलाकों से अवैध अतिक्रमण हटाने का मास्टर प्लान तैयार किया गया। बैठक के दौरान संयुक्त आयुक्त ने अधिकारियों को दो टूक निर्देश देते हुए अलग-अलग इलाकों में कार्रवाई के लिए सख्त जिम्मेदारियां बांटीं। संयुक्त आयुक्त कुलभूषण बंसल ने अधिकारियों को स्पष्ट रोडमैप सौंपते हुए तुरंत धरातल पर उतरकर कार्रवाई करने के आदेश दिए। बस स्टैंड व आसपास का क्षेत्र में नगर निगम की तहबाजारी टीम को बस स्टैंड और उसके आसपास की मुख्य सड़कों से तुरंत अवैध कब्जे हटाने के कड़े निर्देश दिए गए हैं। अर्बन एस्टेट व पुष्पा कॉम्प्लेक्स में एचएसवीपी के एसडीओ रामप्रसाद को अर्बन एस्टेट मार्केट और पुष्पा कॉम्प्लेक्स के आस-पास किए गए अतिक्रमण को पूरी तरह से साफ कराने की जिम्मेदारी सौंपी गई है। साउथ बाइपास व वेदा अस्पताल के पास साउथ बाइपास पर सेक्टर 16-17 की एंट्री के पास और वेदा अस्पताल के आसपास बने अवैध ढांचों व थड़ों को हटाने के आदेश जारी किए गए हैं। कैमरी रोड से राजगढ़ नाका तक नगर निगम की विशेष टीम को कैमरी रोड से राजगढ़ नाका तक सड़क के दोनों ओर तुरंत प्रभाव से अतिक्रमण विरोधी अभियान चलाने के निर्देश मिले हैं।

आवागमन होगा सुचारू जनता को मिलेगी राहत

संयुक्त आयुक्त ने बैठक में मौजूद अधिकारियों और कर्मचारियों को सख्त लहजे में हिदायत दी कि निर्धारित क्षेत्रों में बिना किसी दबाव के निष्पक्ष और ठोस कार्रवाई सुनिश्चित की जाए। उन्होंने कहा कि सड़कों और बाजारों में अवैध अतिक्रमण के कारण आम जनता को भारी जाम और परेशानी का सामना करना पड़ता है। निगम और एचएसवीपी का मुख्य उद्देश्य सड़कों पर आवागमन को पूरी तरह सुचारू बनाना है, ताकि शहरवासियों को सुगम यातायात की सुविधा मिल सके। बैठक में एचएसवीपी के एसडीओ रामप्रसाद, नगर निगम के एमई सुनील लाम्बा, तहबाजारी टीम इंचार्ज सुरेन्द्र शर्मा और पशु पकड़ो व तहबाजारी टीम के कर्मचारी विशेष रूप से उपस्थित रहे।



शिविरों में 3,672 शिकायतों में से 1,934 का समाधान

प्रॉपर्टी व फैमिली आईडी की शिकायतें सबसे ज्यादा

लंबित मामलों के निस्तारण में देरी पर होगी अनुशासनात्मक कार्रवाई

हरिभूमि न्यूज ▶▶| हिसार



मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने समाधान शिविरों में प्राप्त शिकायतों के निस्तारण की प्रगति को लेकर शुक्रवार को प्रदेश के सभी जिलों के उपायुक्तों और वरिष्ठ प्रशासनिक अधिकारियों के साथ वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से उच्च स्तरीय समीक्षा बैठक की। बैठक में आमजन की समस्याओं के त्वरित समाधान, लंबित शिकायतों की स्थिति और अधिकारियों की जवाबदेही को लेकर विस्तार से चर्चा की गई।

बैठक में अवगत करवाया गया कि जिले में गत दो सालों में समाधान शिविरों के माध्यम से कुल 3,672 शिकायतें प्राप्त हुईं। इनमें से 1,934 शिकायतों का निस्तारण किया जा चुका है, जबकि अव्यवहारिक तथा नियमों के दायरे में न आने वाली 1,499 शिकायतें अस्वीकृत की गई हैं। 239 शिकायतें लंबित एवं पुनः खोली गई श्रेणी में हैं, जो कुल शिकायतों का लगभग 7 प्रतिशत है। इस अवसर पर नगर निगम आयुक्त सी जयाश्रद्धा, एडीसी शालिनी चेतल, एसीयूटी विवेक यादव, हिसार एसडीएम ज्योति मित्तल, बरवाला एसडीएम अश्वीर नैन, नगराधीश रोहित कुमार, आरटीए सचिव संजय बिश्नोई, सीएमजीजीए अमोल, डीडीपीओ नरेंद्र कुमार, नगर निगम अतिरिक्त आयुक्त प्रदीप कुमार आदि थे।

65 पुरानी शिकायतों का निस्तारण प्राथमिकता से करने के निर्देश

उपायुक्त महेंद्र पाल ने लंबित शिकायतों की समीक्षा करते हुए अधिकारियों को निर्देश दिए कि 65 पुरानी शिकायतों का प्राथमिकता के आधार पर निस्तारण करना सुनिश्चित किया जाए। इसके अलावा प्रॉपर्टी आईडी, फैमिली आईडी और स्थानीय निकायों से संबंधित लंबित मामलों को जल्द से जल्द निपटाने के भी निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि शिकायतों के समाधान में अनावश्यक देरी नहीं होनी चाहिए और प्रत्येक मामले में नियमानुसार कार्रवाई करते हुए शिकायतकर्ता को राहत प्रदान की जाए। उन्होंने कड़े शब्दों में कहा कि यदि किसी अधिकारी की लापरवाही के कारण शिकायतों के निस्तारण में देरी होती है, तो उसके खिलाफ सख्त अनुशासनात्मक कार्रवाई अमल में लाई जाएगी।

खबर संक्षेप

नवरात्रों पर कल से बहेगी भजनों की अमृतवर्षा

आदमपुर। जय मां दुर्गा सेवा मंडल चेरिटेबल ट्रस्ट द्वारा रविवार 11 अक्टूबर से 20 अक्टूबर तक 16वें विशाल नवरात्रा महोत्सव आयोजित किया जाएगा। मंडल के अध्यक्ष युधिष्ठिर बंसल व सचिव बजरंग शर्मा बज्जु ने बताया कि 11 अक्टूबर को नवरात्रा महोत्सव के शुभारंभ पर ज्वाला जी से लाई गए ज्योत से दीप प्रज्जवलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया जाएगा। प्रतिदिन रात्रि सवा 8 बजे से बाहर से आए हुए कलाकारों द्वारा महामाई की महिमा का गुणगाण किया जाएगा। उन्होंने बताया कि 20 अक्टूबर को भव्य झांकियों के साथ नगर परिक्रमा के बाद महामाई की मूर्ति का विसर्जन किया जाएगा।

ओशो ध्यान उपवन में मेडिटेशन कल

हिसार। साधकों के हितार्थ सेवा भाव से कार्य करने वाले ओशो ध्यान उपवन में 11 अक्टूबर को मेडिटेशन का आयोजन किया जाएगा। इस ध्यान सत्र में साधकों को ध्यान की सरल विधियां सिखाई जाएंगी और ध्यान का अभ्यास भी करवाया जाएगा। इसके साथ ही ध्यान का महत्व स्पष्ट करते हुए इसे नियमित रूप से जीवन में अपनाने के लिए प्रेरित भी किया जाएगा। इस ध्यान सत्र में विभिन्न क्षेत्रों से काफी संख्या में साधक हिस्सा लेंगे। ओशो ध्यान उपवन के संचालक स्वामी संजय व मां सांची ने बताया कि ध्यान के नियमित अभ्यास से जीवन में गहराई, शांति और आनंद का अनुभव होता है। 11 अक्टूबर को मेडिटेशन में साधकों को अपने भीतर की गहराई में उतरते हुए अलग अनुभूति होगी।

गोल्ड मेडलिस्ट सविता व दीपिका का अभिनंदन

हिसार। भगवान परशुराम जन सेवा समिति ने एशियन गेम्स में गोल्ड मेडल लेकर हिसार लौटी गोल्ड मेडलिस्ट सविता व दीपिका का अभिनंदन किया। एस्ट्रोटर्फ मैदान में दोनों हॉकी खिलाडिय़ों के सम्मान में आयोजित समारोह में समिति के सरपरस्त व राज्यसभा के पूर्व सांसद जनरल डीपी वत्स, मुख्य संरक्षक एचके शर्मा व संस्थापक योगेन्द्र शर्मा ने दोनों खिलाडिय़ों को बुक्के व अंगवस्त्र भेंटकर अभिनंदन किया। समिति के पदाधिकारियों ने दोनों विजेता खिलाडिय़ों को आशीर्वाद दिया। उन्होंने कोच आजाद सिंह मलिक को भी बधाई दी जिनके अथक प्रयासों से एशियन गेम्स में गोल्ड मेडल मिल पाये।

श्यामसुख में लगाया दंत चिकित्सा शिविर

हिसार। सेवा संकल्प अभियान के तहत ग्राम श्यामसुख के आयुष्मान आरोग्य मंदिर में शुक्रवार को दंत चिकित्सा शिविर का भव्य आयोजन किया गया। शिविर का शुभारंभ परम्परागत रूप से दीप प्रज्वलित कर किया गया। शिविर में लांधड़ी पीएचसी से विशेष रूप से पहुंची दंत सर्जन डॉ. नेहा ने ग्रामीणों के दांतों की बारीकी से जांच की। डॉ. नेहा के साथ सीएचओ रजत पांडेय ने भी मरीजों को परामर्श दिया। शिविर में लगभग 50 ग्रामवासियों ने अपने दांतों का चेकअप करवाकर निःशुल्क लाभ उठाया। उन्होंने ब्रश करने का सही तरीका, मौखिक स्वच्छता और दंत रोगों से बचाव के गुर सिखाए। इस मौके पर गांव के सरपंच प्रतिनिधि कृष्ण कुमार सांखला, विनोद कुमार भी मौजूद थे।

स्वयंसेवकों ने बुजुर्गों संग बिताया समय

हिसार। सेवा संकल्प अभियान के अंतर्गत गुजवि के एनएसएस के स्वयंसेवकों ने 'एक कदम सेवा की ओर' थीम के तहत भूमि आश्रम, नई अनाज मंडी, का भ्रमण किया। इस दौरान विद्यार्थियों ने वृद्धाश्रम में रह रहे बुजुर्गों के साथ आत्मीय संवाद किया तथा उनके जीवन के अनुभवों, संघर्षों, संस्कारों और यादों को करीब से जाना। विश्वविद्यालय के कुलसचिव डॉ. विजय कुमार ने हरी झंडी दिखाकर स्वयंसेवकों के दल को रवाना किया। कार्यक्रम का नेतृत्व सेवा संकल्प अभियान की नोडल अधिकारी एवं एनएसएस कार्यक्रम समन्वयक डॉ. अंजु गुप्ता ने किया, जबकि कार्यक्रम का संयोजन एनएसएस इकाई-3 की कार्यक्रम अधिकारी डॉ. खुशबू सेठी ने किया। इस अवसर पर डॉ. सुमित शर्मा, डॉ. रामस्वरूप, डॉ. गुंजन मुंजाल, डॉ. मलकीत सिंह एवं डॉ. गार्गी बूरा सहित शिक्षक, शोधार्थी और विद्यार्थी उपस्थित रहे।

ट्रांसपोर्ट वर्कर्स ने भारी-भरकम जुर्मानों के खिलाफ दी आंदोलन की चेतावनी

यूनियन ने कर्मचारियों की मांगों को लेकर मुख्यमंत्री के नाम उपायुक्त को सौंपा ज्ञापन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ हिसार

दी ट्रांसपोर्ट वर्कर्स यूनियन हरियाणा के आह्वान पर शुक्रवार को ट्रांसपोर्ट वर्कर्स की मांगों बारे जिला प्रधान जवाहर लाल सैनी के नेतृत्व में प्रदर्शन किया गया। प्रदर्शनकारी नारेबाजी करते हुए उपायुक्त कार्यालय पहुंचे और मुख्यमंत्री के नाम ज्ञापन सौंपा। इस दौरान यूनियन के राज्य प्रधान सरबत सिंह पूनिया विशेष रूप से उपस्थित रहे।

प्रदर्शनकारियों को संबोधित करते हुए सरबत सिंह पूनिया ने आरोप लगाया कि सड़क पर पुलिस और परिवहन विभाग के अधिकारियों द्वारा ट्रांसपोर्ट वर्कर्स को अपमानित किया जाता है। कई बार उनके साथ मारपीट तक की जाती है। यूनियन के जिला प्रधान जवाहर लाल सैनी, राज्य उपप्रधान यादवेन्द्र फोगाट और सह सचिव सुरेंद्र मान ने कहा कि पिछले वर्षों में केंद्र सरकार ने कॉरपोरेट घरानों के हित में ट्रांसपोर्ट सेक्टर पर कई हमले किए हैं। उन्होंने आरोप लगाया कि छोटी-छोटी गलतियों पर भी हजारों रुपये के जुर्माने लगाए जा रहे हैं। उन्होंने चेतावनी दी कि भारी-भरकम जुर्मानों के खिलाफ और अन्य मांगों को लेकर आंदोलन किया जाएगा।

प्रदर्शन में सुरेंद्र ढाका, विशाल सैनी, विनोद कुमार, सुरेश सैनी, अनूप कुमार, रोहतास, ओमप्रकाश, ब्रिजेश, रविंद्र सिहाग, विक्की वर्मा, बलविंद्र जांगड़ा, प्रदीप सोनी, संदीप भाक्कर, प्रदीप कुमार, रामभज पंडित और ईश्वर सिंह सहित अन्य यूनियन नेताओं व सदस्यों ने भाग लिया।



हिसार। प्रदर्शन करते दी ट्रांसपोर्ट वर्कर्स यूनियन के सदस्य। फोटो: हरिभूमि



मंत्री रणबीर गंगवा के आवास पर बेमियादी महापड़ाव 24 से : फौजी

हिसार। हरियाणा गवर्नमेंट पीडब्ल्यूडी मैकेनिकल वर्कर यूनियन की आईबी मैकेनिकल शाखा की आम सभा शुक्रवार को नहर कॉलोनी स्थित संगठन कार्यालय में शाखा प्रधान विनोद फौजी की अध्यक्षता में आयोजित की गई। सभा का संचालन शाखा सचिव विनोद भाटिया ने किया। बैठक में कर्मचारियों की समस्याओं, विभागीय नीतियों और लंबित मांगों पर विस्तार से चर्चा की गई। इस दौरान संगठन ने कैबिनेट मंत्री रणबीर गंगवा के आवास पर 24 अक्टूबर से अनिश्चितकालीन महापड़ाव शुरू करने की घोषणा की। शाखा प्रधान विनोद फौजी ने कहा कि कर्मचारियों की मांगों को लेकर मंत्री के साथ हुई बैठकों में कई मांगों पर सहमति बनी थी, लेकिन उन पर अब तक अपेक्षित कार्रवाई नहीं हुई। इस अवसर पर राज्य कमेटी के वरिष्ठ उपप्रधान अजय कुमार, जिला प्रधान ओमप्रकाश माल, सर्व कर्मचारी संघ के खंड सचिव जय कुमार सिवाच, खंड संगठन सचिव करण नैन, त्रिलोचन, अमित शर्मा,रामकुमार, सुरेंद्र, राजपाल, अजय, मुकेश, अजीत, जयसिंह सहित आईबी मैकेनिकल शाखा के पदाधिकारी और बड़ी संख्या में कर्मचारी उपस्थित रहे।

पॉश, पॉक्सो व शी-बॉक्स पर जागरूकता व्याख्यान

हिसार। राजकीय महिला महाविद्यालय की आंतरिक शिकायत समिति (आईसीसी) की ओर से शुक्रवार को छात्राओं तथा शिक्षण एवं गैर-शिक्षण कर्मचारियों को महिलाओं की सुरक्षा, कार्यस्थल पर लैंगिक उत्पीड़न की रोकथाम और बच्चों के संरक्षण से जुड़े कानूनी प्रावधानों के प्रति जागरूक करने के लिए कार्यक्रम आयोजित किया गया। महाविद्यालय के प्राचार्य सतीश कुमार सिंगला के मार्गदर्शन में आयोजित कार्यक्रम की अध्यक्षता समिति की पीठासीन अधिकारी डॉ. शशि कला यादव ने की। कार्यक्रम में मुख्य वक्ता के रूप में अधिवक्ता, पॉश प्रशिक्षक एवं शी-बॉक्स के पैनल सदस्य अंकुर अग्रवाल ने अपने विचार रखे। इस मौके पर कार्यक्रम में डॉ. हर्षा, आंतरिक शिकायत समिति की सदस्य डॉ. हर्षा, अमित बंसल, मंजू और मोहिंद्र सिंह आदि मौजूद थे।

विद्यार्थियों में नवाचार, रचनात्मक सोच, जनसेवा व सामाजिक जिम्मेदारी के प्रति किया प्रोत्साहित



हिसार। महाराजा अग्रसेन मेडिकल कॉलेज (एमएएमसी), अग्रोहा की ओर से सेवा संकल्प अभियान के अंतर्गत 'सेवा फर्स्ट इनोवेशन चैलेंज' का आयोजन किया गया। कॉलेज के निदेशक डॉ. करनदीप सिंह के नेतृत्व में आयोजित इस कार्यक्रम में आरोही मॉडल सीनियर सेकेंडरी स्कूल, अग्रोहा, राजकीय कन्या वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय, अग्रोहा और राजकीय हाई स्कूल, मीरपुर के विद्यार्थियों ने भाग लिया। कॉलेज के सामुदायिक चिकित्सा विभाग की ओर से विभागाध्यक्ष डॉ. सीमा चौधरी के मार्गदर्शन में आयोजित इस कार्यक्रम का उद्देश्य विद्यार्थियों में नवाचार, रचनात्मक सोच, सामाजिक जिम्मेदारी और जनसेवा की भावना को प्रोत्साहित करना रहा। कार्यक्रम के दौरान विद्यार्थियों को स्वास्थ्य क्षेत्र में नवाचार के महत्व से अवगत करवाया गया। कार्यक्रम में सामुदायिक चिकित्सा विभाग की ओर से डॉ. सीमा चौधरी, डॉ. नीलू सलूजा, डॉ. सीमा शर्मा, डॉ. स्नेह कुमारी, डॉ. दिव्य कंसल, डॉ. वैभव, डॉ. मनीष कुंडू, डॉ. मनीषा, डॉ. मोनिका, डॉ. अर्जुन, डॉ. सभया, डॉ. अंकेश पूनिया, डॉ. अन्नू यादव, डॉ. राजेश, डॉ. कपिल, डॉ. भारती, डॉ. अक्षय, डॉ. हर्षिता और डॉ. प्रियंक सहित अन्य पैरामेडिकल स्टाफ उपस्थित रहा।

विद्यार्थियों को नैतिक मूल्यों का महत्व बताया

हिसार। लाला लाजपत राय पशु चिकित्सा एवं पशु विज्ञान विश्वविद्यालय (लुवास), के पशु चिकित्सा विज्ञान महाविद्यालय के पशु चिकित्सा एवं पशुपालन विस्तार शिक्षा विभाग की सहायक प्रोफेसर एवं भारतीय ज्ञान प्रणाली (आईकेएस) प्रकोष्ठ की सदस्य डॉ. अनिका मलिक ने हकृवि के राजकीय उच्च विद्यालय में नैतिक मूल्यों के महत्व पर व्याख्यान दिया। उन्होंने विद्यार्थियों को ईमानदारी, सत्यनिष्ठा, अनुशासन, दया और दूसरों के प्रति सम्मान जैसे मूल्यों को जीवन में अपनाने के लिए प्रेरित किया। कार्यक्रम का आयोजन लुवास के मानव संसाधन प्रबंधन निदेशालय के भारतीय ज्ञान प्रणाली प्रकोष्ठ के तत्वावधान में किया गया। व्याख्यान के दौरान डॉ. अनिका मलिक ने कहा कि नैतिक मूल्य विद्यार्थियों के चरित्र निर्माण और उन्हें जिम्मेदार, संवेदनशील, ईमानदार एवं विश्वसनीय नागरिक बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। उन्होंने ईमानदारी, सहानुभूति, कृतज्ञता और उत्तरदायित्व जैसे गुणों को अपनाने पर जोर दिया।



हिसार। आत्मरक्षा के गुर सीखती छात्राएं। फोटो: हरिभूमि

आत्मरक्षा प्रशिक्षण से छात्राओं में बढ़ा आत्मविश्वास

हिसार। गुरु गोरखनाथ जी राजकीय महाविद्यालय में महिला प्रकोष्ठ के तत्वावधान में आयोजित पांच दिवसीय आत्मरक्षा प्रशिक्षण शिविर का समापन हुआ। महाविद्यालय के मीडिया प्रभारी प्रो.मनोज कुमार ने बताया कि शिविर के दौरान छात्राओं को आत्मरक्षा की विभिन्न तकनीकों का व्यावहारिक प्रशिक्षण दिया गया। प्रशिक्षण में लाठी, तलवार, चाकू तथा दुपट्टे जैसे साधनों से होने वाले संभावित हमलों से बचाव के तरीके सिखाए गए। इस प्रशिक्षण के माध्यम से छात्राओं को विपरीत परिस्थितियों में सतर्कता बरतने, आत्मविश्वास के साथ अपनी सुरक्षा करने तथा आवश्यकता पड़ने पर उचित कदम उठाने के लिए प्रेरित किया गया। इस अवसर पर महाविद्यालय की प्राचार्य डॉ. अंजू चौधरी एवं डॉ.राजेंद्र सेवदा ने छात्राओं का मार्गदर्शन किया। शिविर का आयोजन महिला प्रकोष्ठ की अध्यक्ष नेहा बिश्नोई एवं सह-अध्यक्ष डॉ. कमलेश ख्यालिया के नेतृत्व में किया गया।

विद्युत नगर बैडमिंटन हॉल के खिलाड़ियों का शानदार प्रदर्शन

हिसार। दक्षिण हरियाणा बिजली वितरण निगम के विद्युत नगर बैडमिंटन हॉल, हिसार में प्रशिक्षण ले रहे बैडमिंटन खिलाड़ियों ने सीबीएसई राष्ट्रीय बैडमिंटन प्रतियोगिता में शानदार प्रदर्शन कर जिले व प्रदेश का नाम रोशन किया है। हॉल के होनहार खिलाड़ी कार्तिक सिंह ने सीबीएसई नेशनल अंडर-19 व्यक्तिगत एकल स्पर्धा में कांस्य पदक जीतकर राष्ट्रीय स्तर पर अपनी प्रतिभा का लोहा मनवाया। इससे पहले कार्तिक सिंह, शौर्य प्रताप सिंह और युग दहिया की टीम ने सी.बी.एस.ई. क्लस्टर 16 वीं अंडर-19 में स्वर्ण पदक जीतकर शानदार आगाज किया था। अंडर-17 वर्ग में अर्णव और सिद्धार्थ की जोड़ी ने सीबीएसई क्लस्टर में स्वर्ण पदक हासिल किया। वहीं सिद्धार्थ बेनीवाल और अर्णव बिश्नोई ने टीम इवेंट अंडर-17 और व्यक्तिगत युगल अंडर-17 दोनों वर्गों में कांस्य पदक अपने नाम किए। बालिका वर्ग में भाविका और अनिका ने भी शानदार प्रदर्शन किया। दोनों खिलाड़ियों ने सीबीएसई क्लस्टर में स्वर्ण पदक जीता।



लक्ष्मीबाई कॉलेज में विद्यार्थियों को किया खेलों के प्रति जागरूक

हिसार। भिवानी रोहिल्ला स्थित महारानी लक्ष्मीबाई कॉलेज में उच्चतर शिक्षा विभाग के निर्देशानुसार विद्यार्थियों को खेलों के प्रति जागरूक करने तथा खेल संस्कृति को बढ़ावा देने के उद्देश्य से 'खेलो इंडिया संवाद–खेल की बात पीएम के साथ' कार्यक्रम के अंतर्गत जागरूकता गतिविधि आयोजित की गई। इसमें प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का वर्चुअल संबोधन की रिकॉर्डिंग दिखाई गई, ताकि वे उनके विचारों एवं संदेशों से प्रेरणा प्राप्त कर सकें। महाविद्यालय चेयरमैन भारत भूषण प्रधान ने कहा कि महाविद्यालय हमेशा विद्यार्थियों को खेल गतिविधियों में सक्रिय भागीदारी करने तथा खेलों को अपने जीवन का अभिन्न अंग बनाने के लिए प्रेरित करता रहता है। महाविद्यालय डायरेक्टर डॉ. नीलम प्रभा ने छात्राओं को संबोधित करते हुए कहा कि इस प्रकार के कार्यक्रम विद्यार्थियों में सकारात्मक सोच विकसित करने और भारत को खेलों के क्षेत्र में अग्रणी बनाने के संकल्प को मजबूत करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं।

रॉयल इंटरनेशनल रेजिडेंशियल स्कूल की हिंदी भाषण स्पर्धा में टैगोर सदन अव्वल



हिसार। विजेता प्रतिभागियों को सम्मानित करता स्कूल प्रबंधन।

हिसार। रॉयल इंटरनेशनल रेजिडेंशियल स्कूल खारा-खेड़ी में 'हिंदी सप्ताहः अभिव्यक्ति की बहार' कार्यक्रम के उपलक्ष्य में हिंदी भाषण प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। यह प्रतियोगिता विद्यालय के चारों सदनों बोस, नेहरू, टैगोर और विवेकानंद के बीच हुई। प्रत्येक सदन से दो प्रतिभागियों ने इस प्रतियोगिता में भाग लिया। भाषण प्रतियोगिता के विषय थे- 'नई शिक्षा नीति 2020', 'शब्दों की शक्तिः एक शब्द जो बदल दे दुनिया', 'आधुनिक युग में नैतिक मूल्यः क्यों खो रहे हैं हम अपनी संस्कृति', 'प्रकृति को रौंदते इंसान के सपने'। इस रोमांचक प्रतियोगिता में टैगोर सदन ने बाजी मारते हुए प्रथम स्थान प्राप्त किया। नेहरू सदन ने द्वितीय, विवेकानंद सदन ने तृतीय और बोस सदन ने चतुर्थ स्थान प्राप्त किया। टैगोर सदन की विजेता टीम से कक्षा नौवीं से नियुष, कक्षा आठवीं से प्रीत ने भाग लिया। द्वितीय स्थान प्राप्त करने वाले नेहरू सदन से कक्षा आठवीं से वीरेन बिश्नोई और कक्षा छठी से कनिका ने भाग लिया। सैनिक स्कूल कमांडेंट कर्नल (डॉ) डीवी नेहरा (रिटायर्ड) तथा संस्कृत एवं हिंदी विभाग से डॉ. संदीप ने निर्णायक मंडल की भूमिका निभाई। स्कूल निदेशक डॉ. युद्धवीर सिंह, स्कूल संचालिका डॉ. ज्योत्स्ना, स्कूल प्रशासक विक्रमादित्य, प्रिंसिपल जानूप्रिया कथूरिया, सीनियर कोऑर्डिनेटर पूनम बिश्नोई ने विजेता टीम के रूप में उभरने पर टैगोर सदन को बधाई दी।

शिव शंकर मदान बने डीएचबीवीएन के चीफ ऑडिटर

हिसार। दक्षिण हरियाणा बिजली वितरण निगम में प्रशासनिक एवं वित्तीय व्यवस्था को और अधिक प्रभावी बनाने के लिए महत्वपूर्ण बदलाव किया गया है। प्रबंध निदेशक विक्रम सिंह के निर्देशानुसार जारी आदेश के तहत सीनियर अकाउंट्स ऑफिसर शिव शंकर मदान को पदोन्नत कर वित्त सलाहकार एवं मुख्य लेखा अधिकारी (एफए एवं सीएओ), डीएचबीवीएन, हिसार का दायित्व सौंपा गया है। उनकी पदोन्नति तत्काल प्रभाव से लागू होगी। आदेश के अनुसार शिव शंकर मदान को चीफ ऑडिटर, डीएचबीवीएन, हिसार के पद पर भी तैनात किया गया है। साथ ही वे अपने वर्तमान दायित्वों के अतिरिक्त एफए एवं सीएओ (सीबीओ), डीएचबीवीएन, हिसार के कार्य का भी निर्वहन करेंगे। वहीं, प्रदीप कुमार लोहान को चीफ अकाउंट्स ऑफिसर, डीएचबीवीएन, हिसार के पद पर तैनात किया गया है।





हिसार। स्कूल के एमडी आरएस सिंधु के साथ छात्रा दीक्षा।

करारे में होली चाइल्ड की दीक्षा ने जीता कांस्य

हिसार। कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय में राज्य स्तरीय कराटे चैंपियनशिप में होली चाइल्ड सीनियर सेकेंडरी स्कूल, हिसार की कक्षा 12वीं की छात्रा दीक्षा ने अंडर-17 के 61 किलोग्राम भार वर्ग में कांस्य पदक जीतकर विद्यालय का नाम गौरवान्वित किया। कॉम्पिटिशन में प्रदेशभर से प्रतिभाशाली खिलाड़ियों ने हिस्सा लिया। दीक्षा ने पूरे आत्मविश्वास, अनुशासन और खेल भावना के साथ मुकाबलों में उत्कृष्ट प्रदर्शन किया। विद्यालय के प्रबंध निदेशक आर.एस. सिंधु ने दीक्षा को बधाई देते हुए कहा कि खेल विद्यार्थियों के व्यक्तित्व विकास का महत्वपूर्ण माध्यम हैं। विद्यालय की प्रधानाचार्या अनिता पन्नू दलाल ने भी दीक्षा एवं उनकी कोच विजयता को शुभकामनाएं दीं।

सेक्टर-33 की मूलभूत सुविधाओं के लिए हुई बैठक

हिसार। नगर निगम कार्यालय में मेयर प्रवीण पोपली की अध्यक्षता में सेक्टर-33 रेजिडेंट्स सभा की कार्यकारिणी, नगर निगम और एचएसवीपी के अधिकारियों की संयुक्त बैठक हुई। बैठक में सेक्टर की लंबित मूलभूत सुविधाओं से संबंधित समस्याओं के समाधान के लिए एजेंडे में शामिल विभिन्न बिंदुओं पर चर्चा की गई। बैठक में सेक्टरवासियों की समस्याओं और लंबित विकास कार्यों पर विचार-विमर्श किया गया। बैठक में तय एजेंडे के बिंदुओं पर कार्यवाही का विवरण (मिनट्स) जारी किया जाएगा। इसके साथ ही इन मुद्दों पर हुई प्रगति की समीक्षा के लिए आगामी 12 नवंबर को नगर निगम कार्यालय में अगली बैठक आयोजित की जाएगी। उन्होंने बताया कि बैठक में सेक्टरवासियों की दिनचर्या से संबंधित शिकायतें



जो पिछले महीने तक प्राप्त हुई को भी संबंधित अधिकारियों ने त्वरित समाधान के लिए नोट किया गया है। बैठक में पार्षद टीनू जैन, सेक्टर-33 रेजिडेंट्स सभा के प्रधान बलवान शर्मा, पूर्व प्रधान राजपाल नैन, साधुराम भयान, सीआर भान, मनोज कुमार कुंडू, हरपाल सिंह, यशपाल सिहाग, अनूप सिवाच, बलदेव बगला और मेनपाल सहित अन्य सदस्य उपस्थित रहे।

शिव मंदिर, एमसी कॉलोनी में माता की चौकी 17 को

हिसार। श्रीशिव मंदिर ट्रस्ट, एमसी कालोनी के तत्वाधान में शिव मंदिर में बैठक हुई। बैठक में सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया कि प्रत्येक वर्ष की भांति इस वर्ष भी मंदिर प्रांगण में नवरात्रों के उपलक्ष्य में 11 अक्टूबर से अखण्ड ज्योतें जलाई जाएंगी। 17 अक्टूबर को सायं 7 बजे माता की चौकी लगाई जाएगी। मंदिर ट्रस्ट के प्रधान रामअवतार अग्रवाल ने बताया कि भजन गायक अनिता शर्मा भिवानी, किशोरी पलक, बाबा की दृष्टि व राजेन्द्र काका माता का गुणगान करेंगे। इस अवसर पर विधायक सावित्री जिंदल व मेयर प्रवीन पोपली अतिथि के रूप में उपस्थित होंगे।

रोडवेज कर्मियों ने रात्रि भत्ते समेत लंबित मांगें पूरी नहीं होने पर दी बड़े आंदोलन की चेतावनी

- मांगें पूरी होने तक जारी रहेगा संघर्ष : समिति
- रोडवेज कर्मचारियों का धरना 18वें दिन भी जारी, 12 को महाप्रबंधक से होगी वार्ता

हरिभूमि न्यूज ▶▶ हिसार

हरियाणा रोडवेज के हिसार डिपो में कर्मचारियों की लंबित मांगों और वेतन-भत्तों के भुगतान की मांग पर सांझा संघर्ष समिति के नेतृत्व में चल रहा अनिश्चितकालीन धरना शुक्रवार को 18वें दिन भी जारी रहा। धरने की अध्यक्षता अजय दुहन ने की, जबकि मंच संचालन बजरंग लाखा ने किया। कर्मचारियों ने चेतावनी दी कि यदि रात्रि भत्ते सहित अन्य लंबित वित्तीय मांगों का जल्द समाधान नहीं हुआ तो समिति बड़े आंदोलन की घोषणा करेगी। धरने पर उपस्थित कर्मचारियों ने कहा कि उनकी विभिन्न मांगें लंबे समय से लंबित हैं। इनके समाधान के लिए समिति लगातार संघर्ष कर रही है। इसी सिलसिले में 12 अक्टूबर को डिपो के महाप्रबंधक ने सांझा संघर्ष समिति के साथ बैठक होनी है। बैठक में कर्मचारियों की लंबित समस्याओं और अब तक पूरी की गई मांगों की स्थिति पर विस्तार से चर्चा होगी। समिति प्रवक्ता संदीप जैनावास के अनुसार कर्मचारियों की अनेक मांगे मांगें लंबित हैं। कर्मचारियों की प्रमुख मांगों में रात्रि भत्ते, एलटीसी (लीव ट्रैवल कंसेशन) और लंबित मेडिकल बिलों का भुगतान शामिल है। समिति ने दोहराया कि कर्मचारियों के अधिकारों की प्राप्ति तक उनका संघर्ष जारी रहेगा।



हिसार। धरने को संबोधित करते समिति नेता व उपस्थित कर्मचारी।

कर्मचारियों के हितों के लिए सदा तत्पर: चौहान

हिसार। सर्व कर्मचारी संघ एवं ऑल इंडिया रोड ट्रांसपोर्ट वर्कर्स फेडरेशन से संबंधित हरियाणा रोडवेज वर्कर्स यूनियन के कार्यालय में हिसार डिपो की नई कमेटी का स्वागत किया गया। हाल ही सर्वसम्मति से हुए यूनियन के चुनाव के अनुसार पहले डेढ़ साल पवन प्रधान पद की व इस अवधि के दौरान राजकुमार चौहान चेयरमैन पद की जिम्मेवारी संभालेंगे। इसके बाद अगले डेढ़ साल के लिए राजकुमार चौहान प्रधान पद की व पवन चेयरमैन पद की जिम्मेवारी संभालेंगे। राजकुमार चौहान डेढ़ साल तक हिसार डिपो के चेयरमैन के साथ-साथ राज्य उप प्रधान की जिम्मेदारी भी संभालेंगे जबकि दयानंद सरसाना को डिपो का वरिष्ठ उप प्रधान बनाया गया है। शिव कुमार श्योराण राज्य के वरिष्ठ उप प्रधान रहेंगे। नई कमेटी में दिलबाग लांबा को मुख्य सलाहकार बनाया गया है। इसके अलावा राम दिया, पवन लोट, सुनील पंवार, रवि, राहुल, राजेश शर्मा, मनोज चौहान, विकास और प्रदीप को विभिन्न पदों की जिम्मेदारी दी गई है। इस दौरान दयानंद, संजय, मुकेश, विकास, संदीप, रघुवीर जोरा और सुरेंद्र सहित सैकड़ों कार्यकर्ता मौजूद रहे। प्रधान चौहान ने कहा कि नई कार्यकारिणी कर्मचारियों के हितों के लिए सदैव तत्पर रहेगी।



एचएयू के वैज्ञानिकों ने विकसित किया आंकड़ों के विश्लेषण का वेब अनुप्रयोग, कॉपीराइट मिला

- दोहराए गए मापों के आंकड़ों का वैज्ञानिक विश्लेषण करने में शोधकर्ताओं को मिलेगी मदद

हरिभूमि न्यूज ▶▶ हिसार



एचएयू के गणित एवं सांख्यिकी विभाग के वैज्ञानिकों डॉ. ओपी श्योराण, डॉ. सरिता रानी, डॉ. विनय कुमार एवं डॉ. मंजू एस. टोंक द्वारा आंकड़ों के विश्लेषण के लिए विकसित वेब आधारित अनुप्रयोग को कॉपीराइट प्रदान किया गया है। यह उपलब्धि विवि में अनुसंधान, नवाचार और डिजिटल तकनीक के क्षेत्र में किए जा रहे प्रयासों को दर्शाती है। कुलपति प्रो. बीआर काम्बोज ने कहा कि वर्तमान समय में अनुसंधान को डिजिटल तकनीक से जोड़ना आवश्यक है। आधुनिक शोध में सांख्यिकीय विश्लेषण और कंप्यूटर आधारित उपकरणों की महत्वपूर्ण भूमिका है। ऐसे उपयोगी सॉफ्टवेयर और वेब आधारित अनुप्रयोग शोधकर्ताओं के कार्य को आसान बनाने के साथ शोध की गुणवत्ता बेहतर करने में भी सहायक होते हैं। इस अवसर पर ओएसडी डॉ. अतुल ढींगड़ा, मौलिक विज्ञान एवं मानविकी महाविद्यालय के अधिष्ठाता डॉ. राजेश गेरा, मानव संसाधन प्रबंधन निदेशक डॉ. नरेश कौशिक और डॉ. योगेश जिंदल उपस्थित रहे।

यह होगा फायदा

डॉ. ओपी श्योराण ने बताया कि यह वेब आधारित अनुप्रयोग उन शोधकर्ताओं के लिए उपयोगी है, जिन्हें एक ही विषय से अलग-अलग समय पर प्राप्त आंकड़ों का वैज्ञानिक एवं सांख्यिकीय विश्लेषण करना होता है। दोहराए गए मापों से प्राप्त आंकड़ों के विश्लेषण की प्रक्रिया सामान्य आंकड़ों से अलग होती है। ऐसे में यह अनुप्रयोग आंकड़ों को व्यवस्थित तरीके से समझने और उनका वैज्ञानिक विश्लेषण करने में मदद कर सकता है। इससे शोधकर्ता अपने शोध के आंकड़ों का आसानी से विश्लेषण कर परिणामों को अधिक प्रभावी ढंग से समझ सकेंगे।

खबर संक्षेप

हांसी पुलिस ने सीसीटीवी लगवाने की अपील की

हांसी। घरों, दुकानों और व्यावसायिक प्रतिष्ठानों को चोरों के निशाने से बचाने के लिए हांसी पुलिस ने आमजन को सतर्क रहने की सलाह दी है। पुलिस अधीक्षक विनोद कुमार ने कहा कि सुरक्षा में छोटी-सी लापरवाही भी चोरी की वारदात का कारण बन सकती है। एसपी विनोद कुमार ने घरों, दुकानों और गोदामों में अच्छी गुणवत्ता के सीसीटीवी कैमरे लगवाने की अपील की। कैमरों की दिशा मुख्य दरवाजों और आने-जाने के रास्तों पर रखें तथा रिकॉर्डिंग सुरक्षित रखें। परिसर के आसपास पर्याप्त रोशनी की व्यवस्था भी करें। मकान मालिक किरायेदारों और घरेलू सहायकों का पुलिस सत्यापन अवश्य करवाएं।

कॉलेज छात्रों को फोटो ग्राफी के गुर सिखाए

नारनौंद। राजकीय महाविद्यालय के जनसंचार विभाग द्वारा प्राचार्य डॉ. पंकज गोयत के मार्गदर्शन में फोटोग्राफी पर एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यशाला में एक कंपनी के तकनीकी एवं विपणन विशेषज्ञ मुनकशिफ हसन ने विद्यार्थियों को फोटोग्राफी की बारीकियों, कैमरे की तकनीकी विशेषताओं तथा इस क्षेत्र में उपलब्ध करियर अवसरों की जानकारी दी। प्राचार्य डॉ. पंकज गोयत के मार्गदर्शन एवं सहयोग से कार्यशाला सफल और उपयोगी रही। इस अवसर पर डॉ जगरूप, कुमारी सोनिया और डॉ सतीश भी शामिल रहे।

जनकल्याणकारी योजनाओं से अवगत कराया

हांसी। सेवा संकल्प अभियान के तहत राजकीय कन्या वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय, उमरा में सेवा सेतु कैंप का आयोजन किया गया। शिविर में विभिन्न विभागों की ओर से स्टॉल लगाकर नागरिकों को सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं, सेवाओं एवं कार्यक्रमों की जानकारी दी गई। पात्र नागरिकों को मौके पर ही आवेदन करने की सुविधा भी उपलब्ध करवाई गई। शिविर में विभागीय अधिकारियों एवं कर्मचारियों ने नागरिकों की समस्याएं सुनीं और उनकी आवश्यकताओं के अनुसार संबंधित योजनाओं का लाभ लेने के लिए मार्गदर्शन दिया।

छात्रों ने ड्रोन तकनीक की बारीकियां जानीं

हांसी। प्रशासन से परिचय अभियान के चौथे सप्ताह के दूसरे दिन राजकीय मॉडल संस्कृति वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय, सिसाय के विद्यार्थियों ने दल प्रभारी वर्षा, कला प्रवक्ता के नेतृत्व में राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान, हांसी, फ्रूट जंप प्राइवेट लिमिटेड की जूस निर्माण इकाई और ड्रोन सिटी, सिसाय का शैक्षणिक भ्रमण किया। इस दौरान विद्यार्थियों ने तकनीकी प्रशिक्षण, औद्योगिक उत्पादन और आधुनिक तकनीक की कार्यप्रणाली को करीब से समझा। औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान में सहायक शिक्षुता अधिकारी जितेंद्र कुमार और समूह अनुदेशक लालू राम ने नलसाजी, इलेक्ट्रॉनिक्स तथा विद्युत सहित विभिन्न व्यावसायिक ट्रेडों और उनसे जुड़े रोजगार के अवसरों की जानकारी दी।

चेयरमैन ने किसान संगठनों के प्रतिनिधियों से की चर्चा

बरवाला। चेयरमैन प्रवीण सैनी नई अनाज मंडी में स्थित मार्केट कमेटी कार्यालय में शुक्रवार को किसानों और विभिन्न किसान संगठनों के प्रतिनिधियों से बातचीत की। इस दौरान उन्होंने किसानों की समस्याओं को गंभीरता से सुना और उनके समाधान के लिए आवश्यक कार्रवाई करने की दिशा में पहल की। उन्होंने कहा कि किसानों को मंडियों में फसल बेचने के दौरान किसी प्रकार की अनावश्यक परेशानी का सामना न करना पड़े।

कुल देवी उमरा वाली मैय्या का मेला कल से

हिसार। शारदीय नवरात्र में गांव उमरा में कुल देवी उमरा वाली मैय्या के भव्य मेले का आयोजन 11 से 19 अक्टूबर तक किया जाएगा। उमरा वाली दुर्गा मैय्या मंदिर में आयोजित होने वाले इस मेले में अहमदाबाद, दिल्ली, मुंबई, कोलकाता, उड़ीसा व गोरखपुर सहित देश के दूरदराज के क्षेत्रों से हजारों श्रद्धालु माता रानी के दर्शन करने एवं आशीर्वाद लेने पहुंचेंगे।

वानप्रस्थ डिग्निटी ट्रस्ट के सेमिनार में बुजुर्गों ने साझा किए जीवन के अनुभव

बुजुर्गों की देखभाल के लिए हिसार में असिस्टेड लिविंग और पेलियेटिव केयर सुविधाएं विकसित करना जरूरी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ हिसार

वानप्रस्थ डिग्निटी ट्रस्ट की ओर से 36वें अंतरराष्ट्रीय वृद्धजन दिवस के उपलक्ष्य में एक विशेष सेमिनार का आयोजन किया गया। इस सेमिनार में वरिष्ठ नागरिकों के अनुभवों और बुजुर्गों की देखभाल से जुड़े मौजूदा प्रावधानों का गहन मूल्यांकन किया गया। कार्यक्रम के दौरान बुजुर्गों के लिए स्वतंत्र जीवन (इंडिपेंडेंट लिविंग), सहायता के साथ रहने की सुविधा (असिस्टेड लिविंग) और जीवन के अंतिम चरण में पीड़ा कम करने वाली चिकित्सा सेवाओं (पेलियेटिव केयर) की सख्त जरूरत पर विस्तार से चर्चा हुई। वक्ताओं ने एक स्वर में कहा कि बदलती सामाजिक परिस्थितियों में बुजुर्गों के लिए बेहतर स्वास्थ्य सुविधाएं, सम्मानजनक जीवन और प्रशिक्षित केयर गिवर्स उपलब्ध कराना समय की सबसे बड़ी मांग है। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में पहुंचे शहर के मेयर प्रवीण पोपली ने जीवन के प्रेरणादायक अनुभव साझा करने आए चार वरिष्ठ नागरिकों को सम्मानित किया। बुजुर्गों से जुड़े मुद्दों पर अत्यंत संवेदनशीलता के साथ विचार करने की जरूरत है और सुझावों को प्रशासन के समक्ष रखा जाएगा।



हिसार। सम्मानित बुजुर्गों के साथ महिलाएं। फोटो : हरिभूमि

बेहतर सुविधाओं वाले आधुनिक आवासों की जरूरत

चर्चा की शुरुआत करते हुए डॉ. ए.एल. खुराना ने कहा कि शहर में मोक्ष आश्रम के रूप में ओल्ड एज होम तो मौजूद है, लेकिन अब मध्यम वर्ग के बुजुर्ग भी बेहतर सुविधाओं वाले आधुनिक आवासों की जरूरत महसूस कर रहे हैं। डॉ. सविता सिंगल ने एक गंभीर मुद्दा उठाते हुए कहा कि मौजूदा आश्रमों में मुख्य रूप से उन्हीं बुजुर्गों को जगह मिलती है जो अपना काम खुद कर सकते हैं। लेकिन जिन्हें दैनिक गतिविधियों में नियमित सहायता की जरूरत है, उनके लिए असिस्टेड लिविंग की व्यवस्था शहर में विकसित नहीं हो पाई है। इसके अलावा गंभीर रूप से बीमार बुजुर्गों के लिए पेलियेटिव केयर सेवाओं की भी भारी कमी है। वहीं प्रो. हरीश जुनेजा ने पुनर्वास केंद्रों के अभाव का मुद्दा उठाया।

रुचियों को जीवित रखना ही सक्रियता का राज

96 वर्षीया सतीश अग्रवाल: पति के निधन के बाद कई बदलाव देखे, अब हिसार में बेटी के साथ रहती हैं। बागवानी, सैर, बुनाई, पेंटिंग और किताबें पढ़ने जैसी रुचियों को जीवित रखना ही उनकी सक्रियता का राज है।

90+ वर्षीया कुलवंती देवी राठी: योग, ध्यान और संतुलित खानपान को अपनी सेहत की वजह माना। मुश्किलों में धैर्य बनाए रखने की सीख दी, युवाओं से बुजुर्गों के सम्मान की अपील की और सरकार से मुफ्त चिकित्सा व पेंशन की मांग रखी।

95 वर्षीय एच.पी. सरदाना: जनसेवा, पर्यावरण और बागवानी को जीवन समर्पित किया। नियमित भोजन, व्यायाम और अध्ययन को लंबी उम्र का आधार बताया।

79 वर्षीय डॉ. अनूप सिंह श्योकंद (पूर्व सीएमओ): पिछले 25 वर्षों से आंतों की गंभीर बीमारी (क्रोहन रोग) से जूझने के बावजूद सकारात्मक सोच के साथ जीते हैं। हाल ही में उन्होंने गोवा, बेंगलुरु और ब्रिटेन की यात्राएं भी की हैं।

वैश्विक स्तर पर तेजी से बढ़ रही बुजुर्गों की आबादी

कार्यक्रम की शुरुआत में अतिथियों का स्वागत करते हुए ट्रस्ट के सचिव डॉ. सतीश कालड़ा ने वैश्विक व राष्ट्रीय आंकड़ों का हवाला दिया। दुनियाभर में बुजुर्गों की बढ़ती आबादी के मद्देनजर स्वास्थ्य, आर्थिक-सामाजिक स्थिति और मानवाधिकारों से जुड़ी नीतियों पर नए सिरे से विचार करने की जरूरत है। वहीं, भारत में वर्ष 2011 में कुल आबादी में बुजुर्गों की हिस्सेदारी 7.8 प्रतिशत थी, जो 2021 में बढ़कर 9 प्रतिशत हो चुकी है।

हुड्डा के सामने किसानों ने बताई धान के कम भाव की पीड़ा

4 मशीनों से जांची धान की ढेरी नमी की रीडिंग अलग-अलग

किसानों ने बताया 2141 और 2210 रुपये प्रति क्विंटल के भाव से बिकी धान की ट्रॉलियां

हरिभूमि न्यूज ▶▶ उकलाना

हरियाणा विधानसभा में नेता प्रतिपक्ष भूपेंद्र सिंह हुड्डा ने शुक्रवार को उकलाना अनाज मंडी का दौरा कर किसानों और व्यापारियों से बातचीत की। इस दौरान किसानों ने उन्हें धान की फसल के कम भाव मिलने और एमएसपी पर खरीद नहीं होने की शिकायत की। किसानों ने बताया कि उनकी धान की ट्रॉलियां 2141 और 2210 रुपये प्रति क्विंटल के भाव से बिकी हैं। वहीं, नमी जांच को लेकर उस समय विवाद खड़ा हो गया, जब हुड्डा के सामने एक ही ढेरी की जांच चार अलग-अलग मशीनों से की गई और सभी में नमी की रीडिंग अलग-अलग आई।



उकलाना। किसानों से चर्चा करते पूर्व सीएम भूपेंद्र सिंह हुड्डा। फोटो : हरिभूमि

एमएसपी के नाम पर सरकार कर रही ड्रामा : पूर्व सीएम

पत्रकारों से बातचीत में पूर्व सीएम भूपेंद्र सिंह हुड्डा ने आरोप लगाया कि किसानों की धान की खरीद लगभग 2000 रुपये प्रति क्विंटल के आसपास हो रही है, जबकि सरकार एमएसपी पर खरीद के दावे कर रही है। उन्होंने इसे किसानों के साथ अन्याय बताते हुए कहा कि सरकार एमएसपी के नाम पर केवल ड्रामा कर रही है। उन्होंने नमी जांच मशीनों में अलग-अलग रीडिंग आने पर भी सवाल उठाए और इसे खरीद व्यवस्था में गंभीर खामी बताया। इस अवसर पर विधायक नरेश सेलवाल, पूर्व चेयरमैन डॉ. राजेंद्र सूरा, धर्मपाल धायल, कृष्ण थाकन, गुलशन बठला, सुंदर बंसल, हरि सिंह ढाका, विक्रम बोलन, कर्मकेश कुंडू, वीरेंद्र सिंह, विनोद गोयल, प्रवीण गिल, मेहर सिंह जंगी, महेंद्र शीला और निहाल सिंह सहित अन्य लोग मौजूद रहे। मंडी में किसानों की शिकायत पर अधिकारियों ने धान की नमी जांचने के लिए मशीनों का इस्तेमाल किया। हुड्डा के सामने एक ही ढेरी की नमी चार मशीनों में अलग-अलग आने पर उन्होंने नाराजगी जताई। उन्होंने कहा कि जब एक ही ढेरी की नमी की जांच में अलग-अलग परिणाम आ रहे हैं तो किसानों की फसल की खरीद किस आधार पर की जा रही है। उन्होंने अधिकारियों से व्यवस्था दुरुस्त करने और किसानों के साथ न्याय सुनिश्चित करने की बात कही।

कर्म ही धर्म है, सामाजिक संस्कारों का उत्थान करना धर्मसेना का उद्देश्य: मोहित

- धर्मसेना के जिला अध्यक्ष कृष्ण चेयरमैन के आयोजन में हुआ सम्मान समारोह

हरिभूमि न्यूज ▶▶ हिसार

भारत धर्मसेना (न्यास) की युवा इकाई के नवनियुक्त राष्ट्रीय अध्यक्ष मोहित चौधरी के सम्मान में सेक्टर-9 एवं 11 में सम्मान समारोह का आयोजन धर्मसेना के जिला अध्यक्ष कृष्ण चेयरमैन द्वारा किया गया। समारोह में मोहित चौधरी को पगड़ी बांधकर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि कर्म ही उनका धर्म है और सामाजिक संस्कारों का उत्थान करना धर्मसेना का मुख्य उद्देश्य है। संगठन गांव-गांव और जिले-जिले में नशाखोरी से बचाव, स्वच्छता, आपसी भेदभाव दूर करने, दहेज प्रथा के विरोध, रक्तदान शिविर लगाने, बेटियों की शिक्षा को बढ़ावा देने और बुजुर्गों की सेवा के लिए लोगों को जागरूक करेगा। मोहित चौधरी ने कहा कि राजनीतिक मतभेदों से ऊपर उठकर सामाजिक सरोकारों को प्राथमिकता देना जरूरी है। रामकिशन हलवासिया, प्रोफेसर मनदीप मलिक, रामस्वरूप डाटा, रामकुमार, जितेन्द्र आदि मौजूद रहे।



हिसार। समारोह में उपस्थित भारत धर्मसेना के युवा राष्ट्रीय अध्यक्ष मोहित चौधरी, साथ हैं कृष्ण चेयरमैन व अन्य। फोटो : हरिभूमि

दादा देवराज खेलकूद समिति को मिली 11 लाख की सांसद निधि

नारनौंद। दादा देवराज खेलकूद समिति नारनौंद द्वारा परिसर में बनाई जा रही लाइब्रेरी और हॉल के निर्माण कार्य को अब गति मिल सकेगी। सात साल पहले सांसद निधि से मंजूर हुई 11 लाख रुपये की अनुदान राशि आखिरकार समिति के खाते में पहुंच गई है। राशि मिलने पर दादा देवराज खेलकूद समिति के सदस्यों ने शुक्रवार को जिला उपायुक्त से मुलाकात कर उनका आभार व्यक्त किया।

न्यूज डायरी

छवि सरदाना को डॉ. कमल गुप्ता ने दिया आशीर्वाद



हिसार। हरियाणा सिविल सर्विस (एचसीएस) परीक्षा में प्रदेश में पांचवां स्थान हासिल कर हिसार का गौरव बढ़ाने वाली डोगरा मोहल्ला निवासी छवि सरदाना को पूर्व स्वास्थ्य एवं नागरिक उड्डयन मंत्री डॉ. कमल गुप्ता ने उनके निवास पर पहुंचकर शुभकामनाएं दीं और आशीर्वाद दिया। इस दौरान उन्होंने छवि को शॉल ओढ़ाकर सम्मानित किया तथा उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

स्टेशन अधीक्षक के पुत्र का एचसीएस में चयन



उकलाना। एचपीएससी द्वारा घोषित परीक्षा परिणाम में उत्तर रेलवे के स्टेशन अधीक्षक हरि भजन लूना और इंदिरा देवी के पुत्र हिमांशु लूना का एचसीएस में चयन हुआ है। इस उपलब्धि से परिवार सहित उकलाना और आसपास के क्षेत्र में खुशी की लहर है। हिमांशु की सफलता पर उनके माता-पिता ने मिठाई खिलाकर उनका मुंह मीठा करवाया और परिवार के सदस्यों ने प्रसन्नता व्यक्त करते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

दांतों की अनदेखी पड़ सकती है भारी: डॉ. नमन



हिसार। अक्सर लोग दांतों के दर्द को तब तक नजरअंदाज करते हैं जब तक वह असहनीय न हो जाए। यही लापरवाही बाद में बड़े नुकसान का कारण बनती है। यह बात डॉ. सचिन मित्तल एडवांस डेंटिस्ट्री टीम में कार्यरत बीडीएस डॉ नमन कुमार गोयल ने कही। उन्होंने बताया कि हमारे मुंह में 700 से अधिक प्रकार के बैक्टीरिया होते हैं। जब हम ब्रश नहीं करते या दांतों में खाना फंसा रह जाता है, तो ये बैक्टीरिया एसिड बनाते हैं जो दांतों में सड़न पैदा करता है।

छाजू राम शिक्षण कॉलेज में नया शिक्षण सत्र शुरू

हिसार। राजगढ़ रोड स्थित छाजू राम शिक्षण महाविद्यालय में शुक्रवार को नए शिक्षण सत्र का भव्य शुभारंभ पारंपरिक रीति-रिवाज और धार्मिक अनुष्ठान के साथ हुआ। इस विशेष अवसर पर कॉलेज परिसर में एक हवन यज्ञ का आयोजन किया गया, जिसमें महाविद्यालय के शिक्षण, गैर-शिक्षण स्टाफ और विद्यार्थियों ने पूर्ण आहुति दी। इस अवसर पर महाविद्यालय की प्राचार्या डॉ. पूर्णिमा लोहान मुख्य यजमान के रूप में उपस्थित रहीं। हवन यज्ञ की समाप्ति के बाद अपने संबोधन में प्राचार्या डॉ. पूर्णिमा लोहान ने सभी प्राध्यापकों और नए सत्र में प्रवेश लेने वाले विद्यार्थियों को शुभकामनाएं दीं।

डीएन कॉलेज में अंतरराष्ट्रीय सम्मेलन का शुभारंभ

हिसार। दयानन्द महाविद्यालय में भूगोल विभाग एवं पंजाब ज्योग्राफर्स एसोसिएशन के संयुक्त तत्वावधान में दो दिवसीय अंतरराष्ट्रीय सम्मेलन एवं 26वीं एपीजी मीट का शुक्रवार को भव्य शुभारंभ महात्मा हंसराज हॉल में हुआ। सम्मेलन के मुख्य अतिथि चौधरी रणबीर सिंह विश्वविद्यालय के कुलपति डॉ. आरपी सैनी द्वारा दीप प्रज्ज्वलन करके किया गया। सम्मेलन का केंद्रीय विषय जन, प्रकृति और प्रौद्योगिकी: विकसित भारत के लिए सतत समाधान' रहा। इस अंतरराष्ट्रीय आयोजन में देश-विदेश के प्रख्यात शिक्षाविदों, भूगोलवेत्ताओं, शोधकर्ताओं एवं विद्यार्थियों ने सहभागिता की।

कर्मचारियों का आंदोलन चौथे दिन भी जारी

हिसार। सहकारी विपणन समितियों के कर्मचारियों का अपनी मांगों बारे आंदोलन चौथे दिन भी जारी रहा। दी हरियाणा कोऑपरेटिव मार्केटिंग सोसायटी इंप्लाइज यूनियन के प्रदेश महामंत्री हनुमान गोदारा ने बताया कि कर्मचारी पांच अक्टूबर से काली पट्टी बांधकर शांतिपूर्ण तरीके से विरोध जता रहे हैं। आंदोलन के दूसरे चरण में 12 अक्टूबर को पंचकूला स्थित हैफेड मुख्यालय का घेराव किया जाएगा। इसे सफल बनाने के लिए यूनियन प्रतिनिधि प्रदेशभर की सहकारी विपणन समितियों में जनसंपर्क अभियान चला रहे हैं।

रेल मंत्री से कुलदीप व भव्य की सकारात्मक बातचीत

आदमपुर। वरिष्ठ भाजपा नेता एवं पूर्व सांसद कुलदीप बिश्नोई ने पूर्व विधायक भव्य बिश्नोई के साथ केंद्रीय रेल मंत्री श्री अश्विनी वैष्णव से मुलाकात कर आदमपुर के जवाहर नगर में रेलवे विभाग द्वारा बनाई गई दीवार के कारण स्थानीय निवासियों को आवागमन में हो रही गंभीर परेशानियों से अवगत करवाया। इस दौरान समस्या के समाधान को लेकर रेल मंत्री के साथ अत्यंत सकारात्मक एवं सार्थक बातचीत हुई। कुलदीप बिश्नोई ने रेल मंत्री के समक्ष मांग रखी कि जवाहर नगर में रेलवे विभाग द्वारा बनाई गई दीवार में कम से कम तीन-चार फुट का रास्ता खोला जाए।

राजकीय महाविद्यालय में अभिभावक-शिक्षक बैठक आज

हिसार। गुरु गोरखनाथ जी राजकीय महाविद्यालय में 10 अक्टूबर को अभिभावक-शिक्षक बैठक का आयोजन किया जाएगा। बैठक का मुख्य उद्देश्य विद्यार्थियों की शैक्षणिक प्रगति की समीक्षा करना, उनकी समस्याओं को समझना तथा महाविद्यालय और अभिभावकों के बीच प्रभावी संवाद एवं समन्वय स्थापित करना है। महाविद्यालय की प्राचार्या प्रो. अंजू चौधरी ने कहा कि बैठक के दौरान विद्यार्थियों की उपस्थिति, शैक्षणिक प्रदर्शन, कक्षा में सहभागिता, अनुशासन तथा भविष्य की शैक्षणिक योजनाओं से संबंधित विषयों पर चर्चा की जाएगी।

राखीगढ़ी महोत्सव के लिए पड़ोसी गांव भी होंगे सजकर तैयार

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नारनौंद

राखीगढ़ी महोत्सव 19 अक्टूबर से 25 अक्टूबर तक मनाया जाएगा। इस कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए प्रशासन के अधिकारियों ने कमर कस ली है। शुक्रवार को एसडीएम कार्यालय में पुरातत्व विभाग के अधिकारी और प्रशासन के अधिकारियों ने एक बड़ी बैठक कर कार्यक्रम की रूपरेखा तैयार की। राखी गढ़ी के साथ लगते गांव के सरपंचो को भी आदेश दिए गए हैं कि वह अपने गांव की साफ सफाई करवाकर गांव को सजाने का काम करें ताकि देश विदेश से आने वाले मेहमानों का जोरदार तरीके से स्वागत किया जा सके। और यह महोत्सव एक यादगार के रूप में हमेशा जाना जाए। राखीगढ़ी महोत्सव को यादगार बनाने के लिए एसडीएम विकास यादव और पुरातत्व एवं संग्रहालय विभाग के डिप्टी डायरेक्टर नरेंद्र परमार की अध्यक्षता में एक बैठक आयोजित की गई। जिसमें राखी गढ़ी के आसपास के गांव के सरपंचों ने भी भाग लिया। अधिकारियों ने सभी सरपंचों को आदेश दिए कि वह अपने गांव की साफ सफाई अच्छे तरीके से करवा कर गांव के मुख्य चौराहों को सजाने का काम करें। क्योंकि कार्यक्रम में देश-विदेश से बड़ी संख्या में पर्यटक हिस्सा लेने के लिए आएंगे और उनको राखी गढ़ी के अलावा आसपास के गांव में भी दौरा करवा जाएगा।



नारनौंद। कार्यालय में बैठक करते हुए पुरातत्व विभाग के अधिकारी नरेंद्र परमार और एसडीएम विकास यादव। फोटो : हरिभूमि

डिफॉल्टर परिसरों में नए बिजली कनेक्शनों की 15 दिन में जांच

हिसार। बिजली बिलों की बकाया राशि की वसूली को लेकर दक्षिण एवं उत्तर हरियाणा बिजली वितरण निगम ने सख्ती बरतनी शुरू कर दी है। निगम प्रबंधन ने स्थायी रूप से बिजली कनेक्शन काटे जाने (पीडीसीओ) के बाद बकाया राशि वाले परिसरों में नए कनेक्शन के जरिए दोबारा बिजली आपूर्ति शुरू किए जाने के मामलों की जांच के आदेश दिए हैं। संबंधित अधिकारियों को 15 दिन के भीतर जांच पूरी करने के निर्देश दिए गए हैं। निगम प्रबंधन ने स्पष्ट किया है कि जांच में लापरवाही या नियमों की अनदेखी सामने आने पर संबंधित अधिकारियों की जवाबदेही तय की जाएगी। निगम के प्रबंध निदेशक विक्रम सिंह के निर्देशानुसार ऐसे परिसरों की पहचान कर पुराने और नए बिजली कनेक्शनों से संबंधित रिकॉर्ड की जांच की जाएगी, जहां पहले बकाया बिलों या अन्य कारणों से कनेक्शन स्थायी रूप से काट दिया गया था।

हर्षित और शालू ने 100 मीटर दौड़ में मारी बाजी



हिसार। प्रतियोगिताओं के परिणामों में इंटीग्रेटेड बीबीए-एमबीए तृतीय वर्ष के शिवम को पुरुष वर्ग और इसी पाठ्यक्रम के प्रथम वर्ष की काफी को महिला वर्ग में बेस्ट एथलीट चुना गया। विभिन्न स्पर्धाओं में भागीदारी और पदक प्रदर्शन के आधार पर एमबीए प्रथम सेमेस्टर ने ओवरऑल ट्रॉफी जीती। 100 मीटर दौड़ के पुरुष वर्ग में एमबीए प्रथम वर्ष के हर्षित ने पहला स्थान हासिल किया, जबकि महिला वर्ग में इसी वर्ष की शालू सबसे तेज रहीं। एमबीए प्रथम सेमेस्टर के हर्षित, बीबीए द्वितीय वर्ष के तरुण, एमबीए प्रथम वर्ष की खुशबू और एमबीए अंतिम वर्ष की मुस्कान ने भी विभिन्न स्पर्धाओं में पदक जीतकर अपनी प्रतिभा का परिचय दिया। एचएसबी के निदेशक प्रो. संजीव कुमार ने विजेताओं को पुरस्कार प्रदान किए। पुरस्कार वितरण समारोह में प्रो. टीका, प्रो. सुरेश मित्तल, प्रो. दलवीर, प्रो. राजीव और प्रो. सुनीता सहित अन्य शिक्षक उपस्थित रहे। विजेताओं को मेडल और प्रमाणपत्र देकर सम्मानित किया गया।

शिवम और काफी बने बेस्ट एथलीट

हिसार। गुरु जम्भेश्वर विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय के हरियाणा स्कूल ऑफ बिजनेस (एचएसबी) में शुक्रवार को आयोजित एथलेटिक मीट में 200 से अधिक विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। एथलेटिक्स, बैडमिंटन, वॉलीबॉल और रस्साकशी सहित लगभग 20 स्पर्धाओं में विद्यार्थियों ने अपनी खेल प्रतिभा, अनुशासन और टीम भावना का प्रदर्शन किया। प्रतियोगिताओं में इंटीग्रेटेड बीबीए-एमबीए तृतीय वर्ष के छात्र शिवम और प्रथम वर्ष की छात्रा काफी को क्रमशः पुरुष एवं महिला वर्ग में बेस्ट एथलीट चुना गया, जबकि एमबीए प्रथम सेमेस्टर ने ओवरऑल ट्रॉफी अपने नाम की। एथलेटिक मीट का उद्घाटन एचएसबी के पूर्व विद्यार्थी एवं अपने समय में विश्वविद्यालय के बेस्ट एथलीट रहे संजीव मोर ने किया। उद्घाटन अवसर पर एचएसबी के डीन प्रो. विनोद कुमार बिश्नोई भी उपस्थित रहे।

दशहरे पर नारनौंद में जीवंत हो रही सांझी की परंपरा

मिट्टी से देवी-देवताओं की आकृतियां बना रहीं महिलाएं

एकम से दशहरे तक गूंजेंगे सांझी के गीत और भजन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नारनौंद

आधुनिकता के दौर में भी हरियाणा की प्राचीन लोक परंपराओं और सांस्कृतिक विरासत को सहेजने का प्रयास जारी है। दशहरे के अवसर पर नारनौंद की महिलाएं पारंपरिक सांझी तैयार करने में जुटी हैं। मिट्टी से सांझी की मूर्ति और उससे जुड़ी विभिन्न आकृतियां बनाकर महिलाएं न केवल अपनी सांस्कृतिक विरासत को जीवंत रख रही हैं, बल्कि नई पीढ़ी को भी अपनी परंपराओं से जोड़ रही हैं। नारनौंद की पार्षद सुनीता लोहान, रोशनी देवी, कृष्णा, शांति देवी, संजय देवी उर्फ माड़वे की बहू, श्रेया सहित अनेक महिलाएं एकत्रित होकर सांझी बनाने में जुटी हैं। महिलाएं मिलकर मिट्टी को आकार देती हैं और पारंपरिक आकृतियां बनाती हैं। इन आकृतियों में सांझी की मूर्ति, गांठी, गलसरी, माला, झालरे, भाई, सितारे और चांद-सितारे आदि शामिल हैं।



नारनौंद। महिलाएं सांझी तैयार करती हुई। फोटो : हरिभूमि

आठम को भाई आएगा लेने, दशमी को विदाई

सांझी की परंपरा में भाई और बहन से जुड़ी लोक मान्यताओं का विशेष महत्व है। महिलाओं के अनुसार, आठम के दिन सांझी का भाई उसे लेने आएगा। नवमी को वह अपनी बहन के घर रुकेगा और दशहरे यानी दसवीं के दिन सांझी को अपने साथ ले जाएगा। इस परंपरा के माध्यम से लोक संस्कृति में भाई-बहन के रिश्ते और पारिवारिक भावनाओं को प्रतीकात्मक रूप से दर्शाया जाता है।

पूजा-अर्चना करने की परंपरा

सांझी का उत्सव केवल मिट्टी की मूर्तियां बनाने तक सीमित नहीं है। एकम से लेकर दसवीं यानी दशहरे तक महिलाएं सांझी से जुड़े पारंपरिक गीत और भजन गाएंगी। इस दौरान सामूहिक रूप से एकत्रित होकर गीत गाने और सांझी की पूजा-अर्चना करने की परंपरा निभाई जाएगी। महिलाओं का यह सामूहिक आयोजन आपसी मेलजोल और सांस्कृतिक जुड़ाव का भी प्रतीक है।

सामूहिक सहभागिता

सांझी बनाने की यह परंपरा लोककला, आस्था और पारिवारिक रिश्तों का अनूठा संगम है। मिट्टी से तैयार की जाने वाली छोटी-छोटी आकृतियां इस लोक उत्सव की विविधता को दर्शाती हैं। नारनौंद की महिलाओं की यह पहल बताती है कि लोक परंपराओं को जीवित रखने के लिए सामूहिक सहभागिता कितनी महत्वपूर्ण है।

Elenta Mart
A PERFECT HYPERMARKET

ON ALL MRP 6% OFF

NAVRATRI SALE

UPTO 80% OFF

ON SHOPPING OF ₹2999 & ABOVE
FREE 1 LTR
Only one offer can be claimed per bill.



10 Oct to 20 Oct

ON SHOPPING OF ₹1999 & ABOVE
FREE 1 LTR
Only one offer can be claimed per bill.



ROHTAK · BAHADURGARH · JHAJJAR · GOHANA · HISAR · BHIWANI · SONIPAT · KARNAL
SAMPLA · ZIRAKPUR · PINJORE · SIRHIND · PANIPAT · MALERKOTLA · LUDHIANA · BARNALA

Navratri Items
CHIPS . MARMUDA . LADDOO . KUTTU ATTA . SABUDANA & MORE.
UPTO 50% OFF



FRESCA / MANIA 1 LTR
BUY 1 GET 3 FREE



PRABHAS GHEE (1 LTR)
BUY 1 GET 1 FREE



DEEHAT MAKHANA
BUY 1 GET 1 FREE



DABUR GHEE
BUY 1 GET 1 FREE



MARVEL PREMIUM TEA 250GM / 1KG
BUY 1 GET 1 FREE



PRO NATURE KABULI CHANA 1KG
BUY 1 GET 1 FREE



GM POHA CLASSIC (500G)
BUY 1 GET 1 FREE



COCA / SPRITE FANTA / LIMCA 2LTR
₹79



REDBULL
MRP - ₹125
₹99



PEPSI / MIRINDA / 7UP MOUNTAIN DEW
2.25 L
₹79



MINCHY'S JUICE
BUY 1 GET 1 FREE



UTSAV PAPAD
BUY 1 GET 1 FREE



PRO NATURE KAJU 250 GM
BUY 1 GET 1 FREE



PRO NATURE KALA CHANA / MAKHANA
BUY 2 GET 1 FREE



BEANUT PEANUT BUTTER 1 KG
BUY 1 GET 1 FREE



MCCAIN 1.25 KG
BUY 1 GET 1 FREE



LAHORI ZEERA PACK OF 24
MRP - ~~₹240~~
₹190



TIP TOP / FUN FLIP
BUY 1 GET 1 FREE



APIBEE HONEY
BUY 1 GET 1 FREE



BREGANO PASTA FUSILLI 450GM
BUY 1 GET 2 FREE



GOOD LUCK NAMKEEN
BUY 1 GET 2 FREE



COCOSUTRA BREAKFAST CEREALS
BUY 1 GET 1 FREE



XCITE NOODLES (330 G)
BUY 1 GET 1 FREE



VANDNAM BHOG
SOOJI -MAIDA - DALIYA 500g
BUY 1 GET 1 FREE



TOPS TOMATO KETCHUP 850G
BUY 1 GET 1 FREE



FORTUNE MUSTARD OIL 1L
MRP - ~~₹230~~
₹195



FORTUNE AATA
10KG
MRP - ~~₹485~~
₹415



SHILLS WIPES / MASK
BUY 1 GET 2 FREE



MR. FREEZE / PAGRO FROZEN TREAT GREEN PEAS 500GM
₹59



REAL MASALA JUICE
BUY 1 GET 1 FREE



BEVZILLA PREMIUM CLASSIC & MOCHA COFFEE 200GM
BUY 1 GET 2



NISHA BISCUIT 300GM
BUY 1 GET 2



PATANJALI SENSITIVE PASTE 150GM /50GM
BUY 1 GET 2 FREE



LITTLES / TULIPS SENSITIVE BABY WET WIPES 72N
BUY 1 GET 2 FREE



EXO DISHWASH LIQUID 1.5 LTR
BUY 1 GET 1 FREE



KTRIQ / IHP
BUY 1 GET 1 FREE



TOP / MOTHER PICKLE 950G
BUY 1 GET 1 FREE



RAJDHANI BESAN
1 KG
MRP - ~~₹150~~
₹105

AASHIRVAAD ATTA
10KG
MRP - ~~₹499~~
₹445

Rohtak, Bus Stand
Bus Stand Rd, adjacent to D2M Hotel, near New, Vikas Nagar, Rohtak
Contact: +91-8199999480

Rohtak, Model Town
NEAR APEX HOSPITAL Model Town, Rohtak
Contact: +91-9350999480

Karnal
Meerut - Karnal Rd, near Devilal Park, Rajinder Nagar, Sector 14, Karnal
Contact: +91-90530 86555

Dighal
Sampla Beri Road, Dighal.
Contact: +91-7419202127

Pinjore
Abdullapur Rd, opp. Hotel Raunak, Abdullapur, Pinjore, Haryana **Contact:** +91-76962 97828

Bahadurgarh
Ammarta Arcade Mall, Opposite Metro Pillar No. 816, Bahadurgarh.
Contact: +91-9992296899

Sampla
Elenta Mart,Old Delhi Road, Opposite Beri Mod, Sampla.
Contact: +91-8930062800

Gohana
Elenta Mart, Old Bus Stand Road, Near Narwal Petrol Pump, Gohana.
Contact: +91-7419002626

Jhajjar
W9 Shop No. 771, Bhagat Singh Chowk, Jhajjar.
Contact: +91-8750187531

Panipat
Ground Floor, Mittal Mega Mall, Sector 25 II, Sector 25, Panipat,
Contact: +91-98177 76446

Sonipat
ITI Chowk, near Sai Mandir, Kabirpur, Sonipat, Haryana.
Contact: +91 90530 87555

Zirakpur
Opera Garden Complex, Kishanpura (near Sector 20, Dhakoli)
Contact: +91-89300 79600

Hisar
Tower Enclave, Jindal Chowk opposite HDFC Bank, Hisar
Contact: +91-9896938427

Bhiwani
Meham Gate, opposite Saini Juice, Bhiwani, Haryana.
Contact: +91 99960 31240

Malerkotla
Thandi Sadak, opposite Maharaja Hotel, adjoining Tehsil Complex, Malerkotla .
Contact: +91 6284 603 391

Ludhiana
Sai Bhawan, Chandigarh Rd, Mundian Kalan, Ludhiana, Punjab.
Contact: 90419-49444

Barnala
Elenta Mart, Nanaksar Rd, Barnala, Punjab
Contact: 98761 28970

Rupnagar
Bela Rd, near Vishal Mega Mart, Abhepur Beli, Rupnagar, Arazi Ropar.
Contact: 74197 48181

Sirhind
opp Central Bank of India, Preet Nagar, Fatehgarh Sahib, Sirhind
Contact: 93069 00346

FOLLOW US ON :
elenta_mart
elenta mart

Payment Accepted

Offers and prices may vary from branch to branch.
PRICES ARE SUBJECT TO CHANGE WITHOUT PRIOR NOTICE.

***T & C. APPLY**

*STORE IS FREE TO WITHDRAW ANY SCHEME ANYTIME. *SCHEME VALID ONLY TILL STOCKS LAST* STORE IS FREE TO DECIDE QUANTITY OR PRODUCT GIVEN UNDER ANY SCHEME *ELENTA MART WILL NOT BE RESPONSIBLE FOR ANY KIND OF MISPRINT IN THE PAMPHLET *PRODUCT IMAGES ARE FOR ILLUSTRATIVE PURPOSES ONLY *TWO OFFERS WILL NOT BE CLUBBED TOGETHERBESAN & SUGAR SCHEME IS NOT APPLICABLE TO GHEE, EDIBLE OIL, ATTA, SUGAR, AND PAMPHLETS OFFER ITEMS. *All Products are subject to availability & Some Items/Schemes may not be available at some stores. *Some offers may not be applicable on online shopping.